हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026



14 पानी को सहेजने 33 हजार वाटर हार्वेस्टिंग ...





16 ट्विनसिटी के गिरजाघरों में गुड फ्राइडे पर विशेष ...











## खबर संक्षेप

### अवैध पार्किंग पर पुलिस ने की कार्रवाई



**भिलाई।** घड़ी चौक से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल तक एनएच के किनारे बनी सर्विस लेन अवैध वाहन पार्किंग का क्षेत्र बनकर रह गई है। शाम के समय हालत यह होती है कि यहां से गाड़ियों को आने जाने में परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत वार्ड के पार्षद भाजपा नेता भोजराज भोजू ने एसएसपी विजय अग्रवाल से की। उन्होंने बताया कि यहां पर गाड़ी बनाने से जुड़े कई दुकानें हैं। यहां आने वाली खराब गाड़ियां सर्विस लेन में खड़ी कर दी जाती हैं, इससे अन्य दुकानों में आने वाले लोग सड़क पर अपनी गाड़ियों को पार कर दे रहे हैं। इससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने तुरंत एक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को यहां भेजा, लेकिन पेट्रोलिंग टीम केवल सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को हटाकर चली गई। गेराज संचालकों के यहां बनने आई गाड़ियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाएगा। ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया गया है कि यहां हर दिन पेट्रोलिंग टीम जाएगी। साथ ही गेराज संचालकों को भी नोटिस जारी किया जाएगा।

### घरेलू विवाद पर धारदार हथियार से हमला

**भिलाई।** घरेलू विवाद में धारदार हथियार से हमला करने वाले मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी सुदीप जाधव को घेराबंदी कर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**भिलाई।** सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया में जनप्रतिनिधि के खिलाफ आपत्तिजनक कर वीडियो प्रसारित करने वाला पूंढा, थाना पाटन निवासी गौरव वर्मा को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया।

## जिले की 656 पीडीएस राशन दुकानों में समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही

# एक साथ तीन महीने का राशन, छह बार लग रहा थम्ब और सर्वर की समस्या से भी बढ़ी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अप्रैल महीने से पीडीएस हितग्राहियों को एक साथ तीन महीने का राशन दिया जा रहा है। एक साथ राशन लेने के लिए हितग्राहियों को छह बार थम्ब लगाना पड़ रहा है और इधर सर्वर डाउन होने की समस्या कम नहीं हुई है।

जिसकी वजह से हितग्राहियों को राशन लेने घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। समस्या यह भी है कि केवल चावल ही तीन महीने का दिया जा रहा है शक्कर और नमक नहीं। शक्कर और नमक लेने के लिए दूसरे व तीसरे महीने यानी मई और जून में भी दुकान आने की जरूरत पड़ेगी। मौजूदा स्थिति की वजह से हितग्राही परेशानी महसूस कर रहे हैं।



राशन पाने के लिए दुकान में हितग्राहियों को घंटों करना पड़ रहा इंतजार।

### जिले की सभी पीडीएस दुकानों में लग रही कतारें

दुर्ग जिले में 656 पीडीएस राशन दुकानें हैं। इन दुकानों में 4.90 लाख हितग्राही राशन लेते हैं। दुकानों में तीन महीने का राशन लेने के लिए लंबी कतारें लगने लगी है। हितग्राही बताते हैं कि तीन महीने का एक साथ राशन लेने के लिए छह बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। थम्ब लगाने के बाद मोबाइल में ओटीपी आती है। सर्वर की समस्या के चलते कई बार अंगूठा लगता ही नहीं। इसलिए मोबाइल में ओटीपी भी नहीं आती। अंगूठा लगाने व ओटीपी के लिए आधे घंटे से कम नहीं लग रहे। जिसकी वजह से समय अधिक लग रहा है और भीड़ जमा हो जा रही है। काम-काज छोड़कर राशन दुकानों में अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

### सर्वर की समस्या के चलते बढ़ रही भीड़ समय पर नहीं बंट पा रहा राशन

#### एक दिन में आधे हितग्राही ही ले पा रहे राशन

पीडीएस दुकानदारों के मुताबिक तीन महीने का राशन एक साथ देने और उसकी प्रक्रिया पूरी करने में काफी समय लग रहा है। जिसकी वजह से एक दिन में पहले जितने हितग्राही को राशन बांट पाते थे वह कम हो गई है। मसलन एक पीडीएस दुकान में पहले एक दिन में औसत 30 हितग्राही तक राशन बांट देते थे लेकिन अप्रैल महीने से यह आधी हो गई है। यानी एक दिन में औसतन 20 हितग्राही को राशन दे पा रहे हैं। देरी होने की वजह से दुकानों में भीड़ जमा हो रही है। हितग्राहियों को दूसरे दिन के लिए डेट देना पड़ रहा है।

#### केंद्र व राज्य का कोटा इसलिए दो बार थम्ब

निःशुल्क खाद्यान वितरण योजना में केंद्र व छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का अलग-अलग कोटा निर्धारित है। केंद्र सरकार प्रत्येक हितग्राही को हर महीने 20 किलो और छत्तीसढ़ सरकार हर महीने 15 किलो कुल 35 किलो चावल उपलब्ध करवाती है। विभाग के मुताबिक एक बार थम्ब केंद्र सरकार के कोटे का चावल लेने के लिए और दूसरी बार थम्ब प्रदेश सरकार के कोटे का चावल लेने के लिए लगाना पड़ता है। इसलिए तीन महीने का एक साथ राशन लेने पर छह बार थम्ब लगाना है।

#### किस्तों में भी राशन ले जा सकते हैं हितग्राही

पीडीएस राशन दुकानों में एक साथ तीन महीने का चावल लेने के लिए हो रही मशक्कत के बीच जिला खाद्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि हितग्राही चाहे तो किश्तों में राशन ले जा सकते हैं। एक महीने का राशन अभी ले जाएं। दूसरे यानी मई और तीसरे महीने जून का राशन उसी महीने भी लेकर जा सकते हैं। दरअसल हितग्राहियों में यह सूचना है कि तीन महीने का पूरा चावल एक साथ ले जाना है। दूसरे व तीसरे महीने का राशन नहीं ले जाने की स्थिति में लेप्स हो जाएगा। जिसकी वजह से भी भीड़ राशन दुकानों में जुट रही है।

#### पारदर्शिता के लिए छह बार थम्ब जरूरी

शासन ने हितग्राहियों के हक के लिए तीन महीने का राशन लेने पर छह बार थम्ब लगाने की व्यवस्था लागू की है। एक महीने का राशन लेने पर दो बार थम्ब लगता है। ऐसा इसलिए किया गया है कि पारदर्शिता बनी रहे और वितरक किसी तरह हितग्राहियों का राशन में गड़बड़ी न करे। सर्वर की समस्या लगभग हल हो चुकी है। हितग्राही चाहे तो किश्तों में हर महीने राशन ले जाएं।

-अनुराग सिंह भदौरिया, खाद्य नियंत्रक

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिला के साथ अभद्र चैटिंग, गिरफ्तार



**भिलाई।** फर्जी ईंस्टाग्राम बनाकर महिला से अभद्र चेटिंग करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 15 मार्च को पीड़िता ने उतई पुलिस में शिकायत किया। जिसमें इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर फ्रेंड रिकवेस्ट भेजकर महिला से बातचीत किया। इसके अलावा युवक ने व्हाट्सएप के माध्यम से महिला को अश्लील फोटो भेजकर उसे वायरल करने की धमकी दी गई। पुलिस ने जांच कर तकनीकी साक्ष्य जुटाकर ग्राम कोहगाटोला, थाना कोतवाली बालोद निवासी राधेलाल महरा उर्फ राजा को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने तकनीकी साक्ष्य (सीडीआर) के आधार पर उसका शिनाख्त किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि तीन अलग-अलग फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाया है। उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

# बीएसपी में फिर दुर्घटना, तीस फीट ऊंचाई से गिरा श्रमिक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को हुए हादसे में फिर एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। यूनियनों ने दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए मृत मजदूर को मुआवजे के साथ प्रबंधन से सेफ्टी को मजबूत किए जाने की मांग की है।

- ब्लास्ट फर्नेस में चल रहा था मेंटेनेंस, यूनियनों ने की मुआवजे की मांग

बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 4 में हाई लाइन एरिया में इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस का काम चल रहा था। इस दौरान जनरल शिफ्ट में ठेका श्रमिक खोमलाल 49 वर्षीय ऊंचाई पर काम कर रहे थे। अचानक वे तीस फीट ऊपर से नीचे जमीन पर गिर पड़े। इससे ठेका मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई।

उसे गंभीर हालत में संयंत्र मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान हालत नाजुक होने पर तत्काल सेक्टर नौ हास्पिटल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति में आईसीयू दाखिल किया गया। शाम करीब 7 बजे घायल श्रमिक की मौत हो गई। मृतक ग्राम पंहडोर निवासी है और उसके एक पुत्र व एक पुत्री दो बच्चे और बेसहारा पत्नी 47 वर्ष है। पिछले एक पखवाड़े के दौरान संयंत्र में हुई यह दूसरी दुर्घटना है जिसमें ठेका मजदूर की मौत हुई है। श्रमिक संगठनों ने संयंत्र के घटना स्थल का दौरा करते हुए प्रबंधन से सेफ्टी व्यवस्था मजबूत किए जाने के साथ मृत ठेका मजदूर के आश्रित परिवार को मुआवजे की मांग की है।




### बेसहारा हुआ परिवार

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूर की मौत होने के बाद उसका परिवार बेसहारा हो गया। मृतक खोमलाल ब्लास्ट फर्नेस 4 में ठेका एजेंसी बलदेव के अधीन ठेका मजदूर था। परिवार में वह एकमात्र कमाने वाला था। खोमलाल की पत्नी पर अब दो छोटे बच्चों के जीविकोपार्जन की जिम्मेदार आ गई है। परिवार में अन्य कोई कमाने वाला नहीं है। परिवार की माली हालत खराब है। यूनियनों ने ठेका एजेंसी व प्रबंधन से मृतक के मुआवजे के साथ आश्रित को नौकरी की मांग की है।

# इंटकवेल के फीडर में तकनीकी खामियां आज शाम को पेयजल आपूर्ति रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों की पेयजल आपूर्ति 4 अप्रैल को प्रभावित रहेगा। सुबह के समय नल समान्य समय पर खुलेंगे, लेकिन शाम को पानी सप्लाई बाधित रहेगी। नल समय पर नहीं खुलेंगे। खबर है कि कुछ जगहों पर आपूर्ति भी नहीं हो सकेगी। इंटकवेल के फीडर में आई तकनीकी दिक्कतों के कारण ऐसे हालात बने हैं। जानकारी के मुताबिक 11, 42 और 24 एमएलडी प्लांट से पानी सप्लाई नहीं हो सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान शट डाउन के दौरान पेयजल सप्लाई से जुड़े अन्य मेंटेनेंस के काम भी किए जाएंगे। शिवनाथ नदी तट स्थित 33 केवी लाइन में फीडर में स्पार्किंग की समस्या सामने आई है। एबी स्वीच के रेड हॉट होने से समस्या सामने आई है। इसके कारण सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। इसके कारण ही दूसरी पाली में पानी सप्लाई बाधित होगी।



- शनिवार की सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक रहेगा शटडाउन, एबी स्विच का होगा मेंटेनेंस







## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित जगहों पर तैयार किए जा रहे सोकपीट

# पानी को सहेजने 33 हजार वाटर हार्वेस्टिंग किए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में वाटर लेवल को रिचार्ज करने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास आयोजना के अंतर्गत जहां भी मकान बनाए जा रहे हैं, वहां सोकपिट तैयार किया जा रहा है। जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक 15 मार्च 2025 से लेकर अब तक 33 हजार से ज्यादा वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किए गए हैं। इसका असर यह हुआ है कि जिले का औसत भूजल स्तर 4.04 मीटर तक बढ़ गया है। हालांकि जिले के धमधा ब्लॉक में अब भी गर्मी के दिनों में भूजल स्तर बेहतर नहीं है। इसे देखते हुए अभियान के अंतर्गत वॉटर लेवल को बढ़ाने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे के मुताबिक हमारा प्रयास है कि पानी की हर बूंद को सहेजा जा सके। इसके लिए नियमित मॉनीटरिंग के साथ कार्ययोजना तैयार कर उस पर काम भी किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसके सार्थक परिणाम नजर आएंगे। बता दें कि शहरी क्षेत्रों में भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। अंधाधुन दोहन से ऐसे हालात बन रहे हैं। वर्तमान में औसत 25 मीटर के पार पहुंच गया है।

### जिले का वाटर लेवल औसतन 4.04 मीटर हुआ रिचार्ज इसलिए 2.0 अभियान किया गया शुरू

#### एकेच गोठ एकेच बानी, बूंद बूंद बचाबो पानी सहेजने अभियान

मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जिले ने जल संरक्षण की दिशा में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। आवासों में 32058 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। मोर गांव मोर पानी के तहत एकेच गोठ एकेच बानी बूंद बूंद बचाबो पानी 2.0 अभियान की शुरूआत 13 मार्च 2025 को अभियान की शुरूआत की गई। प्रथम चरण में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के आवासों में दो घण्टे में 1764 सोक पीट का निर्माण कर गोल्डन बुक में नाम दर्ज कराया गया था। दूसरे चरण में 12418 सोकपीट का निर्माण किया गया। कुल 14182 सोकपीट का स्वप्रेरण से किया गया है। 32058 संरचनाओं की एण्ट्री पोर्टल पर की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक वर्षा ऋतु में इन माध्यमों से हजारों लीटर पानी का संग्रहण होगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार और स्थायी जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।



#### शहरों में वाहन धोने के नाम पर भूजल का अंधाधुंध उपयोग

भिलाई-दुर्ग में इन दिनों वाहनों को धोने के नाम पर पानी का अंधाधुन उपयोग हो रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि हर दिन 3 हजार से ज्यादा वाहनों को धोने के नाम पर 10 लाख लीटर पानी की बर्बादी की जा रही है। 800 से ज्यादा गैरेजों और अन्य माध्यमों से भूजल की बर्बादी हो रही है। इसे लेकर अब तक न ही प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है, न ही स्थानीय निकायों ने रूचि ली है। इधर नए बोर खनन पर प्रतिबंध जरूर लगाया गया है, लेकिन पुराने बोर से भी अनावश्यक पानी का दोहन किया जा रहा है, जिसे लेकर किसी प्रकार की गाइडलाइन अब तक जारी नहीं की गई है।

## निधन

### उदय राम साहू



**दुर्ग।** सिकोला भाठा निवासी उदय राम साहू 80 वर्ष का 2 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार चिखली मुक्तिधाम में किया गया। वे पूजा न्यूज़ एजेंसी के संचालक राहुल साहू के पिता थे। वे अपने पीछे धर्मेंद्र, वीरेंद्र, जितेंद्र, सुरेंद्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### जसवंत सिंह



**भिलाई।** तालपुरी कालोनी (पारिजात 102/ जे) निवासी जसवंत सिंह (गोलू) 30 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में होगा। वे स्व. हरजिंदर सिंह और लखविंदर कौर के पुत्र और जगतार सिंह (बंटी) के भाई थे।

### सीएच सत्यवती



**भिलाई।** गौतम बुद्ध मार्ग नेहरू नगर वेस्ट भिलाई निवासी सीएच सत्यवती (86) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा शनिवार को 11 बजे निज निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे सीए संजय कुमार, सीएच रवि कुमार, डी जयश्री, एस मल्लिका की मां थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

### अनुसुइया पटेल



**कुम्हारी।** वार्ड क्र. 9, शिवनगर कुम्हारी निवासी अनुसुइया पटेल (54) का निधन 2 अप्रैल को हो गया। वे हेतराम पटेल की पत्नी व केशव पटेल की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार खारुन नदी के मुक्तिधाम में किया गया।

## मजदूर पिता की बेटी बनी सब इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निकुम



अगर मन में सच्ची लगन हो, तो पहाड़ जैसा लक्ष्य भी बौना साबित हो जाता है। इस बात को साबित करके निकुम कि बेटी रुखसाना बानो ने सच कर दिखाया है। अपने मम्मी पापा को बचपन में मेहनत कर मन में ठान लिया था। गांव में छोटी सी श्रृंगार दुकान व गांव के बच्चों को अपने पढ़ाई के खर्चे के लिए कोचिंग कर बच्चो को काबिल व मेधावी पढ़ाने के साथ सुबह शाम फिजिकल प्रेक्टिस कर देर रात तक पढ़ाई कर आखिर कार अपने सपनों को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में उपनिरीक्षक बन गईं। देशभक्ति के जुनून के साथ कंधों पर सितारे लगाकर पुलिस वर्दी में (सब इंस्पेक्टर) ट्रेनिंग पूरी कर 26 वर्ष की उम्र में रुखसाना बानो ने निकुम पहुंचते पूरे घर में खुशी छा गई। पिता मोहम्मद जुबेर खान व मां शकीला बेगम ने परिवार सहित ग्राम का नाम रोशन किया है। उसके के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

उसके पिता मोहम्मद जुबेर खान ने बताया कि वे मेहनत मजदूरी करते हैं, बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़ें, यही उनकी मंशा है। बेटी रुखसाना ने परिवार को नई राह दिखाई है। उसकी बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। एक भाई व एक बहन छोटी है।

बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

## इंसानी पंजे से भी बड़ी हो गई थी किडनी, हाइटेक में हुई सर्जरी



**भिलाई।** हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल में 40 वर्षीय महिला की नष्ट हो चुकी किडनी को निकालने की सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। पेशाब की नली में रुकावट के कारण उसकी किडनी सूजकर इंसानी हथेली से भी बड़ी हो चुकी थी। किडनी ने काम करना भी बंद कर दिया था। मरीज को किसी और अस्पताल से हायर सेन्टर रिफर करते हुए हाइटेक भेजा गया था। हाइटेक के यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. नवीन कुमार वैष्णव ने बताया कि महिला को काफी समय से उदर और पीठ के दाएं हिस्से में दर्द था। कुछ दिन पहले से उसके लिए भोजन करना तक मुश्किल हो गया था। कुछ खाते ही उल्टी हो जाती थी। महिला की पहले किडनी स्टोन के लिए सर्जरी हो चुकी थी। उसने इस बार भी वहीं दिखाया था जहां से उसे हाइटेक रिफर कर दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि पिछली सर्जरी के बाद उसकी दाहिनी मूत्र नली तरह पूरी तरह से सिकुड़ गई थी। इसके कारण इस नली से मूत्र विसर्जन नहीं हो पा रहा था। मरीज को खुलकर पेशाब नहीं हो रहा था। दूसरी तरफ उलटा दबाव पड़ने के कारण दाहिनी तरफ की किडनी में भयानक सूजन आ चुका था। यहां पीव भी बन रही थी। मरीज को गंभीर रक्ताल्पता हो गई थी। हाइटेक में मरीज को पहले रक्त चढ़ाया गया। इसके बाद उसकी सर्जरी कर दी गई। अत्यधिक सूजन और बड़े हो चुके आकार के कारण किडनी अपने आसपास की अन्य संरचनाओं से चिपक गई थी। इसलिए सर्जरी में काफी वक्त लगा। किडनी को आसपास की संरचनाओं से सावधानी से मुक्त करते हुए उसे निकाल दिया गया। यह एक बड़ी सर्जरी थी जिसमें हाइटेक की पूरी सर्जिकल टीम, विशेषकर निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. नरेश देशमुख, डोमन, डिगेश्वरी ने कड़ी मेहनत की। मरीज अब काफी राहत महसूस कर रही है। जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

## एक दिवसीय सेफ्टी और फायर फाइटिंग प्रशिक्षण



**भिलाई।** फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन कुम्हारी ने साथ मिलकर एक दिवसीय इलेक्ट्रिकल, औद्योगिक सुरक्षा व फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी ने बताया कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन कुम्हारी में सुरक्षा संबंधी उपकरण मौजूद हैं और उनका पूर्णत: समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। संस्था से शत्रुहन धनकर और तपन कुमार विश्वास ने इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, औद्योगिक सेफ्टी और फायर फाइटिंग के बारे में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, स्टाफ और सहयोगियों को बारीकी और विस्तार पूर्वक थ्योरी व प्रैक्टिकल के माध्यम से जानकारियां दी। उन्हें बताया गया कि कार्य स्थल में कैसे स्वयं और साथी, स्टाफ और वर्कर हादसा, दुर्घटना होने से बचा सकते हैं और सुरक्षित रख सकते हैं। इलेक्ट्रिकल पावर स्टेशन में अगर आग लग जाती है, तो किन-किन सुरक्षा सावधानियों का पालन करते हुए किसी भी प्रकार की आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सूर्य कुमार उपमहाप्रबंधक, प्रीतम टग्गा सहायक प्रबंधक, संजय सिंह ठाकुर, दयानंद कुमार पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड, कुम्हारी ने आभार व्यक्त किया।

# कुम्हारी में हनुमान भक्तों ने निकाली शोभायात्रा हनुमानजी की झांकी बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

### अखाड़ा समिति ने करतब दिखाकर मोहा मन, शक्ति साहस के लिए मांगा आशीर्वाद



गुरुवार को कुम्हारी में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाला गया, यह शोभायात्रा श्री राम लिंगेश्वर मंदिर वार्ड क्रमांक 18 से स्टेशन चौक होते हुए कांजी हाउस स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां भक्तों द्वारा श्री हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई वहीं भक्तों द्वारा श्री राम प्रभु के भक्त हनुमानजी जी से जीवन में कष्ट क्लेश दूर करने, शरीर मे शक्ति साहस, सफलता हासिल करने के लिए सच्ची श्रद्धा से आशीर्वाद मांगें गए। बता दे कि इस अवसर पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद कुम्हारी प्रखंड द्वारा भव्य शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी हनुमान जी की विशालकाय स्वरूप के दर्शन कराए गए। रैली में बजरंगबली के भक्तों के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा हर तरफ भगवा झंडे लहराने लगे वहीं बाजे-गाजे के धुनों के साथ बड़ी संख्या में हनुमान भक्त नाचने को उत्तेजित हो उठे। स्थानीय समितियों एवं नगरवासियों ने चनामूंग का प्रसाद व शरबत बांटकर स्वागत किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में हनुमान भक्त भगवा ध्वज लिए व भगवा वस्त्र धारण किये हुए थे जिससे नगर का माहौल भगवामय हो उठा। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों के ₹जय जय राम जय श्रीराम जय हनुमान₹ के जयघोष नारों से नगर गूंज उठा। पूरी यात्रा के दौरान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा यही नही शोभायात्रा में लोक कला सुआ नृत्य समिति की बहनों ने व लोक अखाड़ा एवं करतब दल के साथियों ने अपने नृत्य व करतबों से भक्तों व दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मंदिर समितियों द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा का नेतृत्व कुम्हारी नगर बजरंग दल संयोजक कुणाल शर्मा एवं भाजपा पार्षद प्रवीण राव ने किया। जिसमें मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की महिलाएं भी शामिल हुई शोभायात्रा में मुख्य रूप से कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, प्रदेश प्रभारी घनश्याम चौधरी , हरदीप सिंह, प्रदेश संयोजिका शशि बंछोर एवं दुर्ग जिला मंत्री राकेश रामलोचन तिवारी नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला मंत्री भूपेंद्र मानिकपुरी दुर्ग जिला अध्यक्ष राकेश रामलोचन मिथिलेश यादव पूर्व नगर अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, उपाध्यक्ष अनिल निखाड़े, उपाध्यक्ष हरीश सोनी, गणेश यादव, मनोज यादव, सुनील, प्रमोद, राजकुमार, रवि साहू शुभम चिंचूलकर, पार्षद रितिका मिथिलेश यादव पार्षद उमाकांत साहू गौ रक्षक प्रमुख मोनू साहू एवं विश्वमित्र यादव सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शामिल हुए। शाम को कांजी हाउस स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशाल भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव में मना मानस सम्मेलन



**पाटन/रानीतराई।** जय बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव एवं मानस सम्मेलन विगत 10 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय वरिष्ठजनों के द्वारा सिया रामचंद्र, वीर हनुमान की पूजा अर्चना,दीप प्रज्वलन पश्चात मानस सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। समापन के अतिथि रश्मि भेदप्रकाश वर्मा (जनपद सदस्य),अशोक साहू (पूर्व जिपं. उपाध्यक्ष),दिनेश साहू जनपद सदस्य,राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,मनोज पटेल सरपंच,नीरा पुलस्य साहू (पूर्व सरपंच),भविष्य जैन,कन्हैया लाल सिन्हा (शिक्षक)एवं अन्य अतिथि शामिल हुए। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने वीर हनुमान जी संकट मोचक है। कोई भी बड़ी विपदा आने से उनके नाम से ही समस्या का समाधान हो जाता है। पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने हनुमान जन्मोत्सव की बधाई प्रेषित करते हुए हिंदू धर्म के प्रति आस्था,समर्पण का भाव खपरी वासी हमेशा करते आ रहे हैं।युवा साथियों में हनुमान जी विराजमान है जरूरत है उनको अहसास दिलाने की। मंच संचालक पुरेंद्र रघुवंशी,देवेंद्र निषाद ने किया। मानस सम्मेलन में ख्याति प्राप्त मानस मंडलीयों की अनुपम प्रस्तुति राम भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पार्वती पटेल उपसरपंच,विनय मरकाम,डा संतोष साहू,हिम्मत दास मानिकपुरी,पवन साहू,कुसुमलता पटेल,अरविंद साहू,देवलाल पटेल,इतवारी साहू,चैनसिंह रघुवंशी,गरीबा शुक्ला, छविराम,शत्रुहन पटेल,डेरहा निषाद,भागचंद पटेल,सरजू पटेल,मोहन निषाद,अजय साहू,रूपदास मानिकपुरी,टिकेश पटेल,जमुना,राधिका पटेल,हेमलता पटेल जय बजरंग मानस मण्डली एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## थाना अंडा परिसर में हनुमान जयंती मनाई



**अण्डा।** थाना अंडा परिसर में हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और भगवान हनुमान जी की आरती उतारी गई। पुजारी महेंद्र पाण्डेय साथ ही साथ थाना प्रभारी पारसराम ठाकुर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। पुलिसकर्मियों ने भगवान हनुमान से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस परिवार ने एकजुटता और सेवा भावना का संदेश दिया। थाना प्रभारी पारसराम ठाकुर ने सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी। इसी साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र अंडा चिंगरी विनायकपुर,आमटी, आलबरस, जंजगिरी, अछोटी, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, खाड़ा रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, गनियारी रसमडा, अंजोरा बुराई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा,परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई।

## धमना में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती



**जामगांव आर।** धमना में हनुमान जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। मुख्य आयोजक अरुण सोनी, लक्ष्मी प्रसाद सोनी, सोनी परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान लला की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर भुवन लाल साहू, सत्यम सोनी शीतल सोनी ढाल सिंह साहू,शिवराज यादव उपस्थित रहे।

## हनुमान जयंती पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन ने किया 37 वीं बार रक्तदान



**सेलूद।** श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा एवं अध्यक्ष अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन किशन हिरवानी ने मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 37वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। उन्होंने सभी युवाओं एवं नागरिकों से अपील की कि वे भी आगे आकर रक्तदान करें और समाज सेवा में अपनी भागीदारी निभाएं। किशन हिरवानी लंबे समय से सामाजिक एवं पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते आ रहे हैं। उनके इस प्रेरणादायक कदम से क्षेत्र में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और युवा वर्ग भी इससे प्रेरित हो रहा है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

## भूमिपूजन व लोकार्पण आज

**जामुल।** 15 वे वित्त आयोग, अधोसंरचना मद, डीएमएफ मद एवं मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनांतर्गत निर्मित विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं 15 वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद, राज्य प्रयर्तित योजनांतर्गत विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम 4 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रांगण लक्ष्मीपारा जामुल में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश पाण्डेय अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड. करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नपा जामुल अध्यक्ष, पुरुषोत्तम देवांगन जिला अध्यक्ष, भा.ज.पा. भिलाई एवं सतीश साहू , सुनीता चन्नेवार आदि उपस्थित रहेंगे।

## 17 साल की सेवा के बाद घर लौटे भारतीय सेना के जवान पंकज



**पाटन।** भारतीय सेना में सिग्नल मेन पंकज पटेल मातृभूमि की सेवा में 17वर्षों के कार्यकाल पूर्ण कर 1अप्रैल को गृह ग्राम तेलीगुंडरा आगमन हुआ। 31 मार्च 2026 को वे सेवानिवृत्त हुए। अपने लंबे सेवा काल में उन्होंने 17 वर्ष तक मातृभूमि की सेवा की। सेवानिवृत्ति के बाद उनके गृह आगमन में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू, राजप्रधान युगलकिशोर आडिल, पूर्व सरपंच मनीष पटेल,तरीघाट पूर्व सरपंच अशोक साहू, उपसरपंच चंद्रसेन, ग्रामवासियों एवं परिजनों द्वारा इंडियन आर्मी पटेल का ,समर्पण को सलाम करते हुए पटेल की साहस,वीरता को याद किए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# 14 से 15 साल तक की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगेगा टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शहर में तैयारियां तेज कर दी हैं। बालिकाओं को इस कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीन लगाने का अभियान भिलाई सहित जिले में 6 अप्रैल से शुरू किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस अभियान के तहत 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। इसकी शुरुआत भिलाई क्षेत्र में की जा रही है, जहां सिविल अस्पताल सुपेला को प्रमुख केंद्र बनाया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने टीकाकरण को लेकर सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। प्रतिदिन सीमित संख्या में बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा। शुरुआती चरण में एक दिन में लगभग 10 बालिकाओं को ही वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सके।

## हेल्थ विभाग 6 अप्रैल से चलाएगा अभियान, हेल्थ सेंटरों में लगेंगे शिविर

### फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य

टीकाकरण के दौरान अभिभावकों की मौजूदगी अनिवार्य रहेगी। साथ ही, परिजनों को टीकाकरण के समय बालिका का फोटोयुक्त पहचान पत्र, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। ताकि पहचान और रिकॉर्ड सही तरीके से दर्ज किया जा सके। वैक्सीन लगाने के बाद पूरी जानकारी यू-विन पोर्टल में दर्ज की जाएगी, जिससे भविष्य में निगरानी और फॉलोअप आसान हो सके। डॉक्टरों का कहना है कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय पर टीकाकरण से इससे काफी हद तक बचाव संभव है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।






### चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ नर्सों को दिए गए दिशा निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। 6 अप्रैल से जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में एचपीवी टीकाकरण उपलब्ध रहेगा। इस संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ नर्सों को आवश्यक प्रशिक्षण व दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाधिक होने वाला कैंसर सर्वाइकल कैंसर है, जिससे बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा।

### क्या है सर्वाइकल कैंसर

सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक खतरनाक कैंसर है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से में होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है और शुरुआत में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। यह बीमारी ज्यादातर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के कारण होती है। इससे बचाव के लिए समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाना सबसे जरूरी है। सही समय पर टीका और जांच से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

### बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने आगे आएं अभिभावक

14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को टीका लगाया जाना है। अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को इस टीकाकरण अभियान का लाभ दिलाएं, ताकि उन्हें भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे से सुरक्षित रखा जा सके।

**-हितेन्द्र कोसरे**, बीईटीओ, भिलाई

## खबर संक्षेप

### कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के लिए टोलफ्री नंबर जारी

**दुर्ग।** जिले में आवश्यक सामानों की कालाबाजारी रोकने के लिए टोल फ्री नंबर 18002333663 जारी किया गया है। इस नंबर पर अनाज, पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरकों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी से जुड़ी शिकायत की जा सकती है। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए यह कवायद की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के आधार पर त्वरित जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए खाद्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को सक्रिय किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर टीमें नियमित रूप से जांच भी कर रही हैं। रूप से जारी है। जमाखोरी करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के भंडारण एवं आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।उन्होंने अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए हर परिस्थिति में आमजन तक सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिले के निकायों में लगेंगे डिजिटल डोर नंबर

**दुर्ग।** जिले के निकायों के हर घर में डिजिटल डोर नंबर लगाया जाएगा, ताकि उस घर की पहचान हो सके। साथ ही राजस्व वसूली ऑनलाइन की जा सके। इसे लेकर शासन ने निर्देश जारी किए हैं। जिले के सभी 11 निकायों में इसे लागू किए जाने की तैयारी है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ल्ड बैंक के सहयोग से राजस्व में वृद्धि के लिए ड्रोन सर्वे एवं जीआईएस आधारित बेस मैप के आधार पर डोर टू डोर सर्वे पूर्ण करने के उपरांत घरों में डिजिटल डोर नंबर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इससे आम नागरिकों को डिजिटल डोर नंबर के माध्यम से संपत्तिकर से संबंधित जानकारी एवं ऑनलाईन भुगतान की सुविधा उपलब्ध होगी। शासन ने इसे लेकर निकायों से जानकारी भी मांगी है। जल्द ही इस व्यवस्था को लागू किया जाना है।

## गर्मी बढ़ने के साथ अग्नि हादसे बढ़े, इंदिरा मार्केट और हथखोज में बड़े हादसे

# बिजली का लोड कम-ज्यादा होने से बढ़ी दिक्कतें शॉर्ट सर्किट से लग रही आग, 7 दिन में 10 केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही जिले में अग्नि हादसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पिछले 7 दिनों में ही 10 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। इसमें इंदिरा मार्केट की दुकानों और हथखोज फैक्ट्री में लगी आग सबसे बड़ी थी। शुक्रवार को आकाशगंगा सुपेला में और बड़ी घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें ट्रांसफार्मर में ही आग लग गई है। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लियाा गया। विशेषज्ञों की मानें तो लोड कम-ज्यादा होने की वजह से यह समस्याएं सामने आ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत बढ़ गई है, लेकिन लगाए गए अधिकांश ट्रांसफार्मर पुराने और कंडम है। नए ट्रांसफार्मर स्थापित जरूर किए गए हैं, लेकिन वह लोड के हिसाब से नाकाफी साबित हो रहे हैं। इस वजह से लो-वोल्टेज की समस्या भी सामने आ रही है। भिलाई-दुर्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज को लेकर नियमित शिकायतें की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आकाश गंगा सुपेला में बीती रात आदर्श पेट्रोल पंप के पास स्थित ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया गया है। यातायात पुलिस के जवानों ने पास स्थित पेट्रोल पंप से अग्निशमन यंत्र लाकर त्वरित रूप से आग पर नियंत्रण पाया। इस प्रकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। बावजूद इसके बिजली कंपनी अब तक इस समस्या का निराकरण नहीं कर पाई है।



### पिछले दिनों मदर टेरेसा उपकेंद्र में स्थापित किए गए 5 नए ट्रांसफार्मर

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों मदर टेरेसा उपकेंद्र में पहले से स्थापित तीन 5 एमवीए ट्रांसफार्मरों में से एक की क्षमता बढ़ाकर 8 एमवीए की गई। जिससे उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 18 एमवीए हो गई है। दावा किया जा रहा है कि इससे सुपेला जोन के साथ-साथ छावनी और पावर हाउस जोन के लगभग 12,500 से अधिक घरेलू एवं गैर-घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, लेकिन दिक्कत अब भी बनी हुई है। गर्मियों के सीजन में भी उचित वोल्टेज के साथ गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान नहीं की जा सकी है। करीब 87.5 लाख रुपए की लागत से इस क्षमता बढ़ाने का काम किया गया है।

### घर में खड़ी ईवी कार में लगी आग



**भिलाई।** घर में खड़ी ईवी कार में अचानक लगी आग से वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना रिसाली क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 882/24 सरस्वती कुंज ईस्ट रिसाली निवासी शील निधि भोसले प्राइवेट कंपनी में काम करते है। अपने काम से कार सीजी 07 सीवाई 4689 से बाहर गए थे।धमतरी में कार को चार्जिंग करने के बाद रात को रिसाली अपने घर पहुंचे जहां कार को घेरे के भीतर रखकर सो गए। कार में चार्जिंग सिर्फ 30 प्रतिशत ही बचा हुआ था। देर रात पड़ोसी ने फोन कर घटना की जानकारी दी। तब परिजन जागे और फायर ब्रिगेड की टीम को कॉल कर सूचना दी गई। तब तक कार पूरी तरह जल चुका था। जली हुई कार का नाम एक्सयूवी 400 है।

## पिछले दिनों दो बड़े अग्नि हादसे, जिसमें कारण शॉर्ट सर्किट

### इंदिरा मार्केट स्थित चप्पल जूता शोरूम

29 मार्च को मोहन नगर थाना अंतर्गत रात कीब 10 बजे इंदिरा मार्केट स्थित चप्पल जूता दो मंजिला शोरूम में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन के 4 दमकल टीम को मौके पर तत्काल रवाना किया गया। अग्निशमन कर्मियों ने तत्काल दुकान का शटर खोल कर पानी डालकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया और दूसरी टीम बिल्डिंग के अंदर घुसकर अपनी जान जोखिम में डालकर आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में करीबन 4 घंटे का समय लगा। करीबन 15 से अधिक गाड़ियों का पानी की जरूरत पड़ी।




### बोरसी स्थित मकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत बोरसी में 14 मार्च को राज रतन के निवास पर अचानक आग लगी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन के 1 दमकल टीम को मौके पर तत्काल मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने वाले स्थान पर पहुंचकर लगी आग पर काबू पाया। आग लगने का कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया गया।



## महिला के जेवरात लेकर आरोपी हुए फरार, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

महिला के सोने के जेवरात को लेकर फरार होने वालों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि डौडी नवकार हार्डवेयर मेनरोड डौडी जिला


- पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी, खंलागे जा रहे सीसीटीवी फुटेज

बालोद निवासी लक्ष्मी जैन 2 अप्रैल की दोपहर हटरी बाजार मार्केट प्रदीप ग्रीन स्टोर के पास पीड़िता थी। एक महिला, दो पुरुष पहुंचे। उन लोगों ने महिला से सोने का अंगूठी, मंगलसूत्र, चूड़ी दिखाने के लिए कहा, फिर आरोपियों ने जेवरात को गठरी बनाकर महिला को सौंप दिया। इसके बाद ई रिक्शा आने पर महिला बैठ कर आगे निकल गई। गठरी को खोलकर देखने पर भीतर कागज का बंडल व प्लास्टिक की चूड़ी निकला। महिला के सारे जेवरात आरोपी लेकर फरार हो गए। महिला के जेवरातों में मंगलसुत्र 10 ग्राम, 25 ग्राम, 5 ग्राम पार कर दिया। महिला की शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। लेकिन आरोपियों का सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है। उक्त जेवरातों की कीमत 1.52 लाख रुपए की आंकी गई है।

# तेज धूप से फिर चढ़ा एक डिग्री सेल्सियस पारा अगले पांच दिनों तक पारा में रहेगा उतार-चढ़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मौसम ने शुक्रवार को फिर से करवट ली। पूरे दिन तेज धूप की वजह से पारा एक डिग्री सेल्सियस चढ़ गया। वहीं शाम होते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट आई। न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस माइनस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो एक दिन पहले गुरुवार को 36 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग ने आने वाले पांच दिन मौसम का उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। कभी तेज धूप तो कभी बदली की स्थिति बनेगी।



### यह बन रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में, मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट तथा शेष क्षेत्र में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। अगले 5 दिनों तक उत्तर और मध्य उत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर गरज के साथ तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की संभावना है। 4 अप्रैल को ओलावृष्टि होने की संभावना है। अगले 2 दिनों के लिए हल्की वृद्धि के साथ अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। अगले 3 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

# स्वास्थ्य सचिव का पीए बताकर अस्पताल संचालकों से ठगी का प्रयास, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

## मोहन नगर व भिलाई-3 थाना क्षेत्र की घटना

स्वास्थ्य विभाग के सचिव का पीए बताकर निजी अस्पतालों से ठगी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि गंगोत्री अस्पताल संचालक ओमप्रकाश कराडे ने बताया कि 17 मार्च को एक कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद को स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग के सचिव का निजी कर्मी अजय अग्रवाल बताया। उसने अस्पताल की तथाकथित अनियमितताओं को खत्म करने के बदले में पैसे की मांग की। उसने कराडे को मंत्रालय में मिलने बुलाया। मुलाकात मंत्रालय के भीतर के बजाय नीचे हुई। उसने अनियमितताओं को खत्म करने के लिए पैसे का डिमांड किया। कराडे ने बाद में मंत्रालय जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि अजय अग्रवाल नाम का कोई व्यक्ति पदस्थ नहीं है। अस्पताल संचालक ने बाद आए फोन नंबर और अजय अग्रवाल के खिलाफ मोहन नगर थाने में लिखित शिकायत किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया। भिलाई - चरोदा में स्थित एएम अस्पताल के संचालक डॉ. मनोज पोपटानी के साथ भी इसी तरह का मामला हुआ। डॉ. पोपटानी ने भिलाई-3 थाने में 2 अप्रैल को शिकायत किया है। थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज ने पीड़ित का बयान दर्ज किया। मामले में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि गंगोत्री अस्पताल के संचालक की शिकायत पर जांच की जा रही है। भिलाई-चरोदा के एएम अस्पताल के संचालक को भी डरा-धमकाकर पैसे की डिमांड की है।

# प्रमुख बाजारों में कब्जे की भरमार, निगम करेगा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर के सभी प्रमुख बाजारों में इन दिनों पैर रखने की जगह नहीं है। अतिक्रमण के कारण गुजरना मुश्किल हो गया है। सड़कें सकरी हो गई है। इसे लेकर दुर्ग निगम ने ऐसे सारे दुकानदारों को अतिक्रमण

- इंदिरा बाजार, सब्जी मार्केट के दुकानदारों को अल्टीमेटम

हटाने के लिए अल्टीमेटम जारी किया है। इसे लेकर शुक्रवार को बाजारों में सर्चिंग अभियान चलाया गया। दुकानदारों को कब्जा हटाने की हिदायत दी गई। साथ ही कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इंदिरा मार्केट, पटवा लाइन सहित अन्य प्रमुख बाजार क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख रूप से इंदिरा मार्केट, पटवा लाइन, हठरीबाजार, सदर लाइन, सब्जी मार्केट में अतिक्रमण की शिकायतें सामने आईं। इस दौरान अनेक दुकानदारों द्वारा अपने दुकान का सामान दुकान के बाहर नाली के ऊपर एवं सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से रखे जाने की स्थिति पाई गई। दुकानदारों से कहा गया कि वे अपना समस्त सामान अपने-अपने दुकानों के अंदर ही रखें तथा किसी भी प्रकार से सड़क, नाली अथवा सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। साथ ही दुकान के बाहर अनधिकृत रूप से साइन बोर्ड लगाने पर भी प्रतिबंध लगाने की बात कही गई।



## योगा उद्यान में हनुमान की प्रतिमा स्थापित करने का मामला

# अल्टीमेटम का समय बीता, नहीं हटा उद्यान से कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नेहरू नगर स्थित योगा उद्यान में मूर्ति स्थापना कर अवैध कब्जा किए जाने के मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस उद्यान में रातों-रात भगवान बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। निगम ने पुलिस प्रशासन को सूचित किया था और मौका मुआयना करने के बाद प्रतिमा को स्वयं से हटा लेने निगम को लिखित दिया था। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को भी कब्जा करने वालों ने प्रतिमा ही नहीं हटाई। इधर निगम व पुलिस प्रशासन इंतजार करता रह गया कि यह उद्यान से प्रतिमा हटा ली जाएगी।



**निगम ने की अपील**

नगर निगम भिलाई ने आम नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### निरीक्षण करने के बाद नहीं हटाया था कब्जा

उद्यान में प्रतिमा स्थापित करने की जानकारी मिलने के बाद जोन-1 आयुक्त, राजस्व विभाग एवं बेदखली की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हनुमान जयंती पर्व के एक दिन पूर्व रात के समय असामाजिक तत्वों ने रेलिंग को तोड़कर पूर्व निर्मित शेड पर एक चबूतरा निर्माण कर मूर्ति स्थापित कर दिया गया है। इसके अलावा उद्यान परिसर में स्थित जिम, तारामण्डल एवं योगा स्थल की रेलिंग को भी क्षतिग्रस्त कर काट दिया गया है। निगम अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार किया गया है तथा पूरे घटनाक्रम की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन द्वारा सुपेला थाना में असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्राथमिक सूचना दर्ज कराते हुए आगे की कार्रवाई करने पत्र भी दिया है।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## आधुनिक शिक्षण पद्धति का परिणाम यूनिवर्सिटी को मिले दो राष्ट्रीय सम्मान



**भिलाई।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रही रूंगटा यूनिवर्सिटी ने स्थापना के पहले ही वर्ष में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। सूरत में आयोजित कार्यक्रम में वैश्विक तकनीकी कंपनी आईबीएम द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ इंस्टीट्यूशन एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. अनुराग शर्मा ने यूनिवर्सिटी की ओर से प्राप्त किया। वहीं, रूंगटा यूनिवर्सिटी को मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में बेस्ट एजुकेशन ब्रांड यूनिवर्सिटी कैटेगरी से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश के प्रतिष्ठित मीडिया समूह इकोनामिक टाइम्स ने दिया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते डायरेक्टर हुए डॉ. संजीव शुक्ला ने पुरस्कार ग्रहण किया। दो राष्ट्रीय अवॉर्ड हासिल करने पर संस्थान के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि, यह सम्मान केवल पुरस्कार नहीं हैं, बल्कि संस्थान द्वारा अपनाए गए नवाचार आधारित पाठ्यक्रम, आधुनिक शिक्षण पद्धति और उनके प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम हैं। शिक्षकों, स्टाफ और पूरे टीम के समर्पण, मेहनत और प्रतिबद्धता ने इस सफलता को संभव बनाया है। संस्थान के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहा कि, यह संकेत है कि संस्थान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में यूनिवर्सिटी और भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल करेगी।

रूंगटा यूनिवर्सिटी की यह उपलब्धि शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार और उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर उभर रही है। बता दें कि, यह दोनों ही अवॉर्ड संस्थान को कई पैमानों पर परखने के बाद दिए गए। इसमें शिक्षा व्यवस्था, काबिल शिक्षक, प्रयोगशलाएं, नए और प्रभावशाली कोर्स, रिसर्च जैसे करीब 30 बिंदु शामिल रहे। मध्य भारत के चुनिंदा शिक्षा संस्थानों को इसमें शामिल किया गया, जिनके बीच रूंगटा यूनिवर्सिटी ने प्रतिस्पर्धा की और खुद को साबित किया। संस्थान के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन ने हर्ष व्यक्त किया।

लाइव इवेंट

## ब्रजमंडल में गूंजे भक्ति गीत महाभंडारे में प्रसाद किया ग्रहण



**भिलाई।** ब्रजमंडल सेक्टर 6 के गीता भवन में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर भक्त शिरोमणि, अष्ट सिद्धि एवं नव निधि के दाता रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिर में सुबह 8 बजे उदय धवले और प्रिया ढवले के परिवार के यजमानी में भगवान हनुमान का विशेष महाभिषेक पंडित सुनील कुमार द्विवेदी ने मंत्रोच्चार द्वारा करवाया। जिसमें हनुमान महाराज का विशेष श्रृंगार कर चोला अर्पित किया गया और पंचगव्य सहित विभिन्न दृव्यों एवं मिष्ठान्न द्वारा अभिषेक किया गया। जिसके बाद विशेष संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण सहित संपूर्ण हनुमानाष्टक पाठ उपस्थित श्रद्धालुओं सहित सामुहिक रूप से पंडित सुनील कुमार द्विवेदी की मंडली द्वारा किया गया। मंच पूजन मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बर्मन आर्केस्ट्रा द्वारा हनुमान के प्रिय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बीएसपी से सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक मुनीश गोयल दवरा महाआरती की गई। जिसके बाद अंजनी भोग लगा कर सभी श्रद्धालुओं को वितरित किया गया।

इस आयोजन में राकेश कुमार यदुवंशी, भावना तोमर, सूरज मंगला, प्रदीप कुमार वर्मा, दिलीप कुमार वर्मा, हरीश कुमार गुहे, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, विरेन्द्र कुमार शर्मा, गिरीश गुप्ता,अतवीर सिंह राघव, राजकुमार वर्मा, राजेश शर्मा का योगदान रहा।



## परिक्षेत्रीय सम्मेलन 6 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ झेरिया गड़रिया धनकर समाज दुर्गराज के तत्वावधान में 6 अप्रैल सोमवार को परिक्षेत्रीय सम्मेलन का ग्राम खपरी में शाम 4 बजे से आयोजित है। मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा होंगे। अध्यक्षता हेमचन्द धनकर अध्यक्ष झेरिया गड़रिया धनकर समाज दुर्गराज करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल शर्मा, उपकार चंद्राकर, जितेन्द्र यादव, घनश्याम साहू, घनश्याम साहू सरपंच ग्राम खपरी आदि उपस्थित होंगे।

क्रूस को लेकर मसीह समुदाय के लोगों ने रैली भी निकाली, उपवास रखकर यीशु को किया याद

# ट्विनसिटी के गिरजाघरों में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभाएं, यीशु के बलिदान को किया याद

**भिलाई।** ट्विनसिटी के गिरजाघरों में शुक्रवार को गुड फ्राइडे के दिन विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के दौरान मिली यातनाओं को याद किया और उनके बलिदान को स्मरण किया। इस अवसर पर, ईसाई समुदाय के सदस्यों ने क्रॉस को लेकर विभिन्न स्थानों पर ले जाकर पारंपरिक प्रार्थनाएं की गई। चर्च के पास्टरों ने यीशु मसीह के जीवन संघर्ष और उनकी मृत्यु के समय हुई घोर यातनाओं के बारे में विस्तार से बताया। ईसाई धर्म का सबसे खास त्योहार गुड फ्राइडे है। यह दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद किया जाता है। जब उन्हें सूली पर चढ़ाया गया था। गुड फ्राइडे, ईस्टर से ठीक पहले मनाया जाता है। इसे कुछ जगहों पर ब्लैक फ्राइडे भी कहा जाता है, इस दिन दुनियाभर के ईसाई श्रद्धा और शांति के साथ प्रार्थना करते हैं।







### गुड फ्राइडे का दिन शोक और श्रद्धा से मनाया जाता है

पास्टर मुकेश कंवर ने बताया कि गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या से ही प्रार्थनाएं शुरू हो जाती है। ईसाई धर्म में गुड फ्राइडे का दिन गहरे शोक और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन बहुत से लोग उपवास भी करते हैं और सादगी के साथ यह दिन बिताते हैं। गुड फ्राइडे के मौके पर लोग चर्च जाते हैं और जहां विशेष प्रार्थना करते हैं। शहर खुर्सीपार स्थित डीडीसी चर्च, चर्च ऑफ गॉड, सेक्टर 6 सीसी चर्च,बैपतीस चर्च, हार्वेस्ट चर्च, मारथोमा, यहोन्ना भवन, चर्च ऑफ गॉड, करुणा चर्च, मोनोनाइट चर्च दुर्ग, क्रिश्चयन चर्च दुर्ग, क्रिश्चयन चर्च कुम्हारी, ग्लोरी प्रार्थना भवन खुर्सीपार, मसीह मंदिर, एबेनेजर प्रर्थना भवन चरोदा, जोन 2 कामरेल चर्च आदि में गुड फ्राइडे को लेकर विशेष प्रार्थन सभा हुई।

### गहरे शोक का दिन माना जाता

गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के जीवन की आखिरी घटनाओं और उनके बलिदान को नाटकों या झांकियों के जरिए भी बताया गया। गुड फ्राइडे को कुछ लोग ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्राइडे भी कहते हैं। गुड फ्राइडे सुनने में भले ही गुड यानी अच्छा लगे, लेकिन यह दिन खुशी का नहीं बल्कि गहरे शोक का दिन माना जाता है। इसलिए, इस दिन किसी को 'हैप्पी गुड फ्राइडे' कहना सही नहीं माना जाता है। मान्यता के मुताबिक इसी दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। उन्होंने मानवता के भले के लिए अपने प्राण त्याग दिए। यह दिन उनके प्रेम और बलिदान की याद दिलाता है। इसी वजह से इसे पवित्र दिन भी माना जाता है। ईसा मसीह ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने प्राण त्याग दिए थे। क्रूस पर लटके हुए भी, उन्होंने अपने हत्यारों के लिए ईश्वर से क्षमा मांगी थी, जो उनके प्रेम और क्षमा के संदेश को दर्शाता है। यह दिन ईस्टर संडे से पहले आता है, जब यीशु पुनः जीवित हुए थे, जो बुराई पर अच्छाई और मृत्यु पर जीवन की जीत का प्रतीक है।

## मूक बधिर शाला के बच्चों को गर्मी से मिलेगी राहत, क्लब ने दिया कूलर




**भिलाई।** रोज बढ़ रही सूरज की तपिश से राहत दिलाने ट्विनसिटी से समाज सेवी कई जतन कर रहे है। इसी कड़ी में लीनेस क्लब भिलाई द्वारा प्रयास मूक बधिर शाला में बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए सदस्यों द्वारा मिलकर कूलर प्रदान किया गया। जिसका लाभ लगभग बीस अधिक बच्चों को मिल सकेगा। सदस्यों ने बताया कि गर्मी इस साल बहुत ज्यादा पड़ रही है जबकि अभी इसकी शुरुआत ही है ऐसे में बच्चे जो कि अपने घरों से निकल कर स्कूल जाते हैं या जो हास्टल में रहते हैं उनको इससे काफी राहत मिलेगी। सेवा कार्य के इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ मंजू तिवारी, तृप्ता कैंबो, नूतन गंधोक, पुष्पा सिंह, माला सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित थी।

## 101 श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम यात्रा के लिए रवाना



**भिलाई।** बाबा बैद्यनाथ धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का द्वितीय जत्था शुक्रवार को रवाना किया गया। जत्थे में कुल 101 श्रद्धालु शामिल हैं। इससे पूर्व 11 मार्च को 111 श्रद्धालुओं का प्रथम जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना किया गया था। द्वितीय जत्थे की रवानगी के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान बाबा बैद्यनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में अत्यंत उत्साह का माहौल देखने को मिला और वातावरण बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। यह जत्था कांग्रेस नेता व निगम के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू के नेतृत्व में प्रस्थान हुआ।

## सेक्टर-7 में हनुमान जयंती पर विशेष आयोजन



**भिलाई।** सेक्टर-7 एवेन्यू ए स्थित जय श्री राम दूत हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हवन-पूजन और विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और सभी ने भगवान श्री हनुमान जी से क्षेत्र की उन्नति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर लक्ष्मीपति राजू पार्षद व अध्यक्ष खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग ने हवन-पूजन में शामिल हुए तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति व मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान विजया निर्मला भी उपस्थित थीं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा मंदिर परिसर जय श्री राम और बोल बजरंगबली की जय के जयघोष से गुंजायमान रहा।

दुर्ग में निकली छत्तीसगढ़ की सबसे भव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

कार्नर न्यूज

## हनुमंत रथ, काशी के अघोरी दल और अखाड़ों की झांकियां बने शोभायात्रा का आकर्षण



**दुर्ग।** हिन्दू युवा मंच द्वारा दुर्ग में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण हनुमंत रथ, काशी के अघोरी दल, विभिन्न अखाड़ों की झांकियां, पंथी नाचा, घुमाल, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य तथा डीजे पर भक्ति गीतों की धुनें रहीं।

शोभायात्रा की शुरूआत शाम 4 बजे ग्रीन चौक दुर्ग से हुई, जो ओम परिसर, अग्रसेन चौक, श्री शिवम्, इंद्रा मार्केट होते हुए पुराना बस स्टैंड पटेल चौक पर समाप्त हुई। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से लाखों की संख्या में हिन्दू भक्त इस शोभायात्रा में शामिल हुए और हनुमान महाराज के प्रति अपनी अटूट भक्ति तथा हिन्दू समाज की एकता एवं अखंडता का परिचय दिया।

### कथावाचक युवराज पाण्डेय ने गाया पचरा गीत, झूमें लोग

पुराना बस स्टैंड पटेल चौक पहुंचने पर हनुमान जी की महाआरती हुई। जिसके बाद छग के कथावाचक युवराज पाण्डेय महाराज ने अपनी मधुर वाणी में पचरा गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोकप्रिय भक्ति गायक अनुराग शर्मा ने भी भजन गाकर दुर्ग शहर को भगवामय कर दिया। कार्यक्रम में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए विशेष मैं हनुमान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बच्चों ने हनुमान की वेशभूषा में भाग लिया और अपनी भक्ति प्रदर्शित की।

इस आयोजन में दुर्ग महापौर अलका बाघमार और विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहे। हिन्दू युवा मंच के प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष कुमार नायर और अरुण सिंह सहित हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ता शोभायात्रा में प्रमुख रुप से शामिल रहे।

शोभायात्रा शांतिपूर्ण, अनुशासित रुप में निकाली गई, जिससे पूरा शहर भगवा रंग में रंग गया। हजारों कार्यकर्ताओं के हाथों में भगवा झंडे लहराते हुए डीजे और धुमाल की ताल पर भक्ति गीतों के साथ नृत्य की अद्भुत झलक देखने को मिली।

## रिसाली में हनुमान जयंती पर शोभायात्रा विधायक ललित चन्द्राकर हुए शामिल



**भिलाई।** रिसाली में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जहां आस्था का सैलाब उमड़ा। श्री केशरी समिति के तत्वावधान में ये शोभायात्रा लगातार 5वें साल आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अतिथि के रूप में इस आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी शामिल हुए और क्षेत्रवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

शोभायात्रा का नेतृत्व पार्षद मनीष यादव बंटी ने किया। भगवा झंडों के साथ जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शोभायात्रा आशीष नगर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए डीपीएस चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान मंदिरों में रामचरित मानस का पाठ, हनुमान जी का भव्य श्रृंगार और पूजा-अर्चना की गई। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा की खास बात रही आकर्षक झांकियां, जिनमें काली माता, राम दरबार, नरसिंह भगवान और शंकर-पार्वती की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं युवाओं ने शौर्य प्रदर्शन कर आयोजन में जोश भर दिया।

# सेक्टर-9 अस्पताल में 2 महीने की दवाई व आईसीयू में वेंटिलेटर की मिले सुविधा

## सीएमओ से मिला इंटक का प्रतिनिधि मंडल, सुविधाएं बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के प्रतिनिधि मंडल की बैठक भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 के विनीता द्विवेदी के साथ हुई। बैठक में अस्पताल से संबंधित प्रमुख समस्याओं के निदान की मांग की गई।

बैठक में यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू ने हुए कहा कि बीएसपी से सेवानिवृत्त होकर शहर से बाहर रहने वाले कर्मचारियों को हर माह दवाई रिपिट कराने के लिए आना पड़ता है। इससे उन्हें आर्थिक और अन्य प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परेशानी को देखते हुए विशेष चिकित्सा को छोड़कर अन्य दवाइयों को दो माह के लिए एक साथ प्रदान की जाए। इसके अलावा अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले भोजन का गुणवत्ता व मात्रा मे सुधार, ओपीडी की सीढ़ियों की दीवार की दरारों को मरम्मत,वार्डों में मरीजों के लिए नए बेड उपलब्ध और कैजुअल्टी एवं आईसीयू के लिए पोर्टेबल रेस्पिरेटरी सिस्टम (वेंटिलेटर) उपलब्ध कराने की मांग की गई।



### आपातकालीन सेवाओं के लिए मिले वेंटिलेटरयुक्त एम्बुलेंस

जेएलएन अस्पताल प्रबंधन से यूनियन ने आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने दो नई लाइफ सपोर्ट सिस्टम (वेंटिलेटर युक्त) एम्बुलेंस सेक्टर-9 अस्पताल में उपलब्ध कराने,ओपीडी में बुकिंग लिमिट 40 से बढ़ाकर 60 करने,कार्डियो सर्जन, यूरोलॉजिस्ट एवं मेडिसिन विभाग में टोकन बुकिंग व्यवस्था को बेहतर करने, नई सीटी स्कैन मशीन उपलब्धकर कराने और चेस्ट वार्ड का रिनोवेशन कराने पर जोर दिया गया। अलावा स्वास्थ्य विभाग के ठेका में मेनपावर में 20% की कटौती बंद करने,सभी ओपीडी वेटिंग हॉल में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था,यूरोलॉजिस्ट विभाग में उपयोग होने वाली दवाइयों की निरंतर उपलब्धता की मांग यूनियन पदाधिकारियों ने की। डां. द्विवेदी ने आश्वस्त किया कि कैजुअल्टी एवं आईसीयू हेतु पोर्टेबल रेस्पिरेटरी सिस्टम (वेंटिलेटर) की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा अन्य विषयों पर शीघ्र ही उच्च प्रबंधन से चर्चा कर उचित निराकरण किया जाएगा। इंटक इन मांगों पर जल्द ही उच्च प्रबंधन एवं सेल अध्यक्ष को पत्र लिखेगी। बैठक में पूरन वर्मा, गिरिराज देशमुख, मानिक राम जनेन्द्र, सिंड्रेला, जिनदास, संदीप कुमार, मोहसिन मोहम्मद व जोगेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बीआरएम में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि योगेश शास्त्री व डी. सतपथी थे। सामूहिक सुरक्षा शपथ बाद सभी कर्मियों ने सुरक्षित कार्य व्यवहार को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। ठेका कर्मी श्रीमती भानबाई द्वारा स्वागत गीत व सुरक्षा अधिकारी श्री शशांक शर्मा ने सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । श्री शास्त्री ने कहा कि प्रकाश डालते हुए स्पष्ट कहा कि सुरक्षा से समझौता करके एक टन का भी उत्पादन स्वीकार्य नहीं है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुरक्षा को अपनी जीवनशैली बनाने का आह्वान किया।

### प्लेट मिल में हुआ रिकार्ड उत्पादन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल ने वित्तीय वित्तीय वर्ष 2025–26 में उत्पादन, डिस्पैच तथा परिचालन दक्षता में नये रिकार्ड कायम किए। 6,37,118 टन का अब तक का सर्वाधिक डायरेक्ट डिस्पैच हासिल किया। मार्च के दौरान प्लेट मिल ने 1,46,554 टन रोल्ड एवं फिनिश्ड प्लेट्स का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन किया। कुल फिनिश्ड प्लेट्स उत्पादन में भी 1,34,042 टन रहा। 1,36,020 टन का सर्वाधिक मासिक कुल डिस्पैच दर्ज किया, जो मार्च 2011 के 1,28,445 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। इसी तलॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई। सड़क मार्ग से डिस्पैच 16,368 टन तक पहुँच गया। यह रिकार्ड टीम वर्क से हासिप हुआ।

## सड़कें हुईं जर्जर और बारिश के मौसम में तीन महीने होता है जल जमाव

# टाउनशिप और पटरीपार को जोड़ने वाले अंडरब्रिजों में आवागमन हुआ दुर्घटनाजन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप और पटरीपार के बीच ट्रैफिक को सुगम बनाने के लिए बने आधा दर्जन रेलवे अंडरब्रिज अब परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। निर्माण के दौरान तकनीकी फाल्ट होने और अब तक इनकी मरम्मत नहीं होने से जाम के हालात और दुर्घटनाएं बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने इनके रिपेयर की मांग नगर निगम सहित संबंधित सभी सह निर्मात्री एजेंसियों से की है।

उल्लेखनीय है कि शहर में बढ़ रहे आवागमन को व्यवस्थित करने और रेलवे फाटक के जाम से होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए यहां चार अंडरब्रिज और एक दो रेलवे ओवरब्रिजों का निर्माण किया गया। इनमें नेहरु नगर रेलवे अंडरब्रिज और पावरहाउस अंडरब्रिज तथा सुपेला चौक रेलवे अंडरब्रिज मात्र दो साल पूर्व निर्माण हुआ है। इसके अलावा चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज और प्रियदर्शीनगर अंडर ब्रिजों का निर्माण 12 साल पूर्व हुआ है। सभी का निर्माण रेलवे द्वारा नगर निगम, बीएसपी व आरओबी के सहयोग से किया गया। लेकिन अधिकतर अंडरब्रिजों के निर्माण में टेक्नीकली फाल्ट होने से बारिश के मौसम में जल जमाव होने के साथ नीचे सड़क जर्जर और ऊपड़ खाबड़ होने से आवागगमन दुरुह और दुर्घटनाजन्य बना हुआ है। सिर्फ दो साल पूर्व बने नेहरुनगर अंडरब्रिज के नीचे सड़क पर हमेशा पानी का जमाव होने के साथ सड़क भी जर्जर है और अंडरग्राउंड पाइप लाइन बाहर निकल आने से वाहनचालकों का दिक्कत हो रही है। छिटपुट दुर्घटनाएं आए दिन हो रही हैं।

### चंद्रा-मौर्या, प्रियदर्शिनी परिसर और नेहरूनगर अंडरब्रिज में है टेक्नीकल फॉल्ट



#### स्थाई समाधान नहीं

चंद्रा मौर्या और प्रियदर्शिनी अंडरब्रिज के टेक्निक खराबी को नगर निगम अब तक दूर नहीं कर सका है। बरसात में चार माह दोनों ब्रिजों में नीचे पानी भर जाने से आवागमन जाम होने के साथ ऊपर से भी फौव्वारे की तरह पानी वाहनचालकों पर गिरता रहता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि समस्या बढ़ने पर नगर निगम व ट्रैफिक पुलिस बेरियर रखकर और मोटरपंप से पानी निकासी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ले रहे हैं। स्थाई रुप से इसके तकीनीकी फाल्ट को ठीक नहीं किया जा रहा है।

#### ज्यादा परेशानी ड्यूटी आवर्स व स्कूल टाइम में

क्षेत्र वासियों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी ड्यूटी आवर्स व स्कूल टाइम में जाम के हालात बनने से होती है। दोपहिया आपस में टकराते रहते हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि औद्योगिक नगरी भिलाई सिविल इंजीनियरों का शहर है लेकिन सभी ब्रिजों का टेक्निकली फेल्योर हो जाना एक बड़ा सवाल है।

#### उखड़ चुकी है सड़क का कांक्रीट

दो साल पूर्व निर्मित नेहरुनगर ओवरब्रिज के ऊपर की सड़क जगह जगह से जर्जर हो चुकी है। सड़क का कांक्रीट उखड़ने से बड़े व चौड़े गड्ठे हो गए हैं। इसके चलते आवागमन मुश्किल होता जा रहा है। इसके अलावा ब्रिज के ऊपर हर पांच दस फीट की दूरी पर नालीनुमा ज्वाइंट को ठीक से समतल नहीं किए जाने से इनसे वाहन गुजरने पर ठक ठक की आवाज के साथ चालकों को तकलीफ होती है। नेहरुनगर वासियों ने बताया कि बुजुर्गों बच्चों और प्रेगनेंट महिलाओं के साथ आर्थराइटिस या बैकबोन के मरीजों को खासी दिक्कत होती है। मुंबई व बैंगलुरु जैसे शहरों के ओवरब्रिजो के ज्वाइंट में इस तरह की फाल्ट नहीं है।

## सिंटर प्लांट में नई डस्ट डिस्पोज़ल कन्वेयर बेल्ट की कमिशनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के सिंटर प्लांट3 की मशीन 2 में नए डस्ट डिस्पोज़ल कन्वेयर बेल्ट का कमीशनिंग एवं उद्घाटन किया गया। उद्घाटन महाप्रबंधक आईवी रमण ने किया। सीजीएम सजीव वर्गीस, महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर तथा महाप्रबंधक एके बेडेकर आदि उपस्थित थे। इस इन-हाउस परियोजना को एरिया रिपेयर शॉप एवं प्लानिंग टीम व जेईए लालदीप व बीएल वर्मा के पर्यवेक्षण में क्रियान्वित किया गया। नई कन्वेयर बेल्ट प्रणाली के लागू होने से कार्यस्थल पर स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयासों को और अधिक बल मिलेगा। आधुनिक प्रणाली के माध्यम से पारंपरिक चेन कन्वेयर की तुलना में कम लागत एवं न्यून अनुरक्षण की सुविधा प्राप्त होगी। अब अनुरक्षण कार्य संयंत्र के संचालन के दौरान ही किया जा सकेगा, जबकि पूर्व में यह केवल शटडाउन के समय संभव था। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली स्वचालित डस्ट डिस्पोज़ल सुनिश्चित करती है, जिससे जेसीबी एवं डंपर जैसे बाहरी संसाधनों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। परियोजना को पूर्ण करने में डीजीएम आरडी शर्मा, एमयू राव, एजीएम डीके गुप्ता व एससी साहू, वरिष्ठ प्रबंधक ओम नमः शर्मा, जितेश एच. सहनी, श्री विपिन मौर्य, अरुणेश शर्मा, राहुल सिंह तथा सहायक प्रबंधक अजीत कुमार साहू का योगदान रहा।



### उद्योगों को दिए जाने वाला टेंडर का वैल्यू बढ़कर हुआ 10 लाख, एंसिलरी पॉलिसी भी 2 साल के लिए बढ़ी



**भिलाई।** बीएसपी प्रबंधन द्वारा एंसिलरी उद्योगों को दिए जाने वाला 7 लाख तक का टेंडर वैल्यू बढ़ाकर 10 लाख कर दिया गया है। साथ ही एंसिलरी पॉलिसी को भी 2 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने इसी वर्ष जनवरी माह में स्ट्रक्चरल कमेटी की बैठक में बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष यह मांग रखी थी, जिसे मैनेजमेंट ने पूरा कर दिया है। बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता ने बीएसपी मैनेजमेंट के इस निर्णय पर हर्ष जताते हुए इसे एंसिलरी उद्योगों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि कहा है। दो माह पूर्व जनवरी में बीएसपी स्ट्रक्चरल कमेटी की बैठक में अध्यक्ष दासगुप्ता ने इस मांग को पुरजोर तरीके से रखा। बीएसपी मैनेजमेंट द्वारा यह सूचित किया गया कि उनकी यह मांग मान ली गई है और 7 लाख के टेंडर वैल्यू को बढ़ाकर 10 लाख कर दिया गया है। साथ ही एंसिलरी पॉलिसी जो अब तक एक वर्ष के लिए हुआ करती थी उसे भी बढ़ा कर 2 वर्ष के लिए कर दिया गया है। एंसिलरी अध्यक्ष दासगुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्र, ईडी एमएम अजय चक्रवर्ती, सीजीएम एमएम केसी मिश्रा और अयान मिश्रा सहित बीएसपी के अधिकारियों को बधाई दी है।

## ह्दय रोग से बचाव, जेएलएनएच में सेव ए लाइफ हैंड्स ओनली सीपीसीआर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा सेव अ लाइफ अभियान के तहत ओपीडी कॉम्प्लेक्स में हैंड्स-ओनली सीपीसीआर (कार्डियो-पल्मोनरी सेरेब्रल रीससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को ह्दयाघात जैसी आपात स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए सक्षम बनाना था। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों 7 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सीएमओ डां. विनीत द्विवेदी व डां. कौशलेंद्र ठाकुर भी उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने कहा कि ह्दयाघात के शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे समय में प्रशिक्षित व्यक्ति ही जीवन और मृत्यु के बीच निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यदि तत्काल सीपीआर प्रारंभ किया जाए, तो मरीज के जीवित बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। संचालन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ टीम डॉ. कुमुदनी एवं डॉ. जयिता सरकार द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को मैनक्विन के माध्यम से छाती पर सही गति एवं गहराई से दबाव देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। सत्र के दौरान आपात स्थिति की पहचान, त्वरित प्रतिक्रिया की प्रक्रिया तथा सामान्य भ्रांतियों को दूर करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम मेंधार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने संस्थानों एवं सामुदायिक स्थलों पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अस्पताल प्रशासन से आग्रह किया।




## केके सिंह ने संभाला अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल में निदेशक कार्मिक कृष्ण कुमार सिंह ने अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है।

एमएसएमई उद्योग संघ के अध्यक्ष केके झा और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन के सदस्य ने कृष्ण कुमार सिंह को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केके सिंह का लंबा अनुभव, कुशल नेतृत्व और मजबूत प्रशासनिक पकड़ सेल की सभी इकाइयों को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि कृष्ण कुमार सिंह बीएसपी में विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में कार्य कर चुके हैं और प्लांट के विकास में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। कृष्ण कुमार सिंह को प्रचालन, मानव संसाधन विकास, सतर्कता तथा कार्मिक और प्रशासन जैसे




विविध क्षेत्रों में लगभग चार दशकों का वअनुभव प्राप्त है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1987 में बीएसपी में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में की थी। उन्होंने ब्लूमिंग एंड बिलेट मिल सहित कई विभागों में जिम्मेदारियां निभाईं। वे कार्मिक एवं प्रशासन विभाग में कार्यकारी निदेशक प्रभारी सहित कई नेतृत्वकारी पदों पर कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2022 में उन्हें निदेशक कार्मिक नियुक्त किया गया, जो उनके गहरे अनुभव और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। निदेशक कार्मिक के रूप में अपने कार्यकाल में सिंह ने सेल के मानव संसाधन को नई दिशा देने का कार्य किया है। वे बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की है।

## ई-चालान के जरिए वसूला जा रहा अधिक जुर्माना, कांग्रेस ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

यातायात नियमों के नाम पर ई-चालान के माध्यम से आम नागरिकों पर डाली जा रही अत्यधिक जुर्माना राशि के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आरटीओ अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में राहत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान महंगाई के दौर में गरीब, मजदूर, छात्र, नौकरीपेशा और मध्यमवर्गीय परिवार पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। ऐसे समय में 2000 से 5000 तक के ई-चालान आमजन की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा आवश्यक है, लेकिन छोटी-छोटी त्रुटियों पर इतनी बड़ी दंडात्मक राशि उचित नहीं है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन नियमों के साथ संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी है। वर्तमान समय में भारी ई-चालान गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आर्थिक संकट का कारण बन रहे हैं। विशेष रूप से यह मुद्दा भी उठाया गया कि पुलगांव चौक में लगे कैमरे से आसपास के निवासी एवं अंजोरा, पुलगांव, अंडा और गंजपारा से आने-जाने वाले नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार छोटी तकनीकी त्रुटियों, सिग्नल की अस्पष्टता अथवा ट्रैफिक के दबाव में भी ई-चालान जारी हो रहे हैं, जिससे आम लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। कांग्रेस ने मांग की कि इस क्षेत्र के कैमरों की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर नागरिकों को राहत दी जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह ढिकोला, राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, देवश्री साहू, आनंद ताम्रकार, गुरदीप भाटिया, अजय शर्मा, कौशल किशोर सिंह, प्रेमलता साहू, दुष्यंत देवांगन, पोषण साहू, नंदकिशोर शर्मा आदि शामिल थे।



## शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव आयोजन में हुए शामिल, गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश

# संतराबाड़ी में डोमशेड का लोकार्पण एवं पद्मनाभपुर में भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के वार्ड 25 संतराबाड़ी में नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण किया गया, वहीं वार्ड क्रमांक 46 पद्मनाभपुर में डोमशेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन हुआ। दुर्ग शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव निरंतर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

■ क्षेत्रवासियों से किए संवाद, लिए सुझाव


संतराबाड़ी स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने सहभागिता करते हुए वेदमाता गायत्री के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किये। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किये और उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुने। मंत्री श्री यादव ने कहा कि यह भव्य डोमशेड क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक जीवन को नई दिशा देगा।

अब यहां विवाह, धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य सामुदायिक आयोजन सुव्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण में आयोजित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सुगमता प्रदान करना है। डोमशेड निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी विभिन्न आयोजनों के लिए एक स्थायी एवं संरक्षित स्थल उपलब्ध होगा।



### लंबे समय से रही क्षेत्रवासियों की मांग

यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पद्मनाभपुर में प्रस्तावित डोमशेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी मंत्री श्री यादव शामिल हुए। भूमि पूजन विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया गया। यह कार्य लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रही थी, जिसके पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह और संतोष का वातावरण है। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनीषा सोनी, संजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, युवराज कुंजाम, सविता साहू सहित अन्य मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411